पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03

शुक्रवार, दिनांक-13 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.15 बजे पूर्वाह्न तक ।

''माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही भाजपा के सभी मा० सदस्यगण पूरे राज्य में राशन एवं किरासन के वितरण में हो रही अनियमितता पर शोरगुल करते हुए वेल में आकर खड़े हो गए ।

आसन द्वारा उनसे लगातार अनुरोध किया गया कि वे अपनी बातों को अपनी सीट पर जाकर कहे, आसन उसे अवश्य सुनेगा । आसन द्वारा पीठासीन पदाधिकारियों के सम्मेलन में वेल में आने के विषय पर मा० लोक सभा अध्यक्ष द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से भी सदन को अवगत कराया गया । लेकिन इसके बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।''

स्थगनोपरांत

समय 12.00 बजे मध्या० से 12.05 बजे अप० तक ।

[1] **वित्तीय कार्य :-**

मा० प्रभारी मंत्री वित्त श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

[2] **कार्यस्थगन :-**

मा० सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह, श्री विनोद नारायण झा एवं श्री संजय सिंह (टाइगर) से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अंतर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट किया -

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(iii) डा० दाउद अली

(iv) डा० इजहार अहमद

''इस दौरान विपक्ष के मा० सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा बार-बार शांत रहने एवं अपनी सीट पर जाने का अनुरोध उनसे किया गया लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

भोजनावकाश के बाद

2.00 बजे अप० से 2.10 बजे अप० तक ।

''मा० अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही भाजपा के मा० सदस्यगण अपनी मांग को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए और धरने पर बैठ गए ।

आसन से बार-बार अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.30 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

स्थगनोपरांत

2.30 बजे अप० से 4.22 बजे अप० तक ।

[4] राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद एवं सरकार का उत्तर (दिनांक-12.03.2015 से जारी) :-

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(ii) डा० मोहम्मद जावेद

(iii) श्री रामदेव महतो

सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर मा० मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया ।

सरकार के उत्तर के बीच में ही असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

(आसन से घोषणा की गयी कि सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार सरकार के उत्तर होने तक किया गया ।)

तत्पश्चात् सदन द्वारा मा० नेता प्रतिपक्ष का संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा मा० सदस्य श्री राजेश सिंह द्वारा महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर दिया गया धन्यवाद का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[5] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 16 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार दिनांक 16 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-13.03.2015

हरेराम मुखिया

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।